E-mail: director@cbseacademic.in
Website: www.cbseacademic.in

Tel: 011-23212603
23211576
Tele Fax: 011-23234324

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, के अधीन एक स्वायत्त संगठन)

शिक्षा सदन, 17, इन्सटिट्यूशनल क्षेत्र, राउज एवेन्यु, दिल्ली–110002.

CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION

(An Autonomous Organization under the Union Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)

"Shiksha Sadan", 17, Institutional Area, Rouse Avenue, Delhi-110002

CBSE/Acad./CBSE/Dir.(Art.I)//2013 **दिनांकः 7 मई, 2013**

परिपत्र संख्या–अका० 31/2013

विषयः 2013–15 में कक्षा XI एवं XII के लिए कंप्यूटर विज्ञान–धारा के अन्तर्गत भाषा का विकल्प

प्रिय प्रधानाचार्य,

जैसा कि आप जानते हैं कि केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने, अपने वेबसाइट पर कंप्यूटर विज्ञान (विषय कोड 083) के लिए संशोधित पाठ्यक्रम प्रकाशित किया है और सत्र 2013–14 के लिए C++ के स्थान पर कक्षा XI में Python का प्रारंभ किया है। कि, शिक्षण–समाज से प्राप्त हुई प्रतिक्रिया एवं उनकी सुविधा के स्तर को ध्यान में रखते हुए बोर्ड ने यह फैसला किया है कि विद्यालय सत्र 2013–14 के लिए कक्षा XI में C++ को पढ़ाना जारी रख सकते हैं (यानी C++ को समाविष्ट करने वाली किताब से Unit 2 एवं Unit 4 को) या वे, C++ के स्थान पर Python का चुनाव कर सकते है (Python को समाविष्ट करने वाले Unit 3 एवं Unit 4 का) यदि उस भाषा के साथ वे सहजता महसूस करते हों।

सत्र 2013–14 में कक्षा XI के लिए कंप्यूटर–विज्ञान (विषय कोड 083)

प्रत्येक विकल्प के तहत समाविष्ट की गई इकाईयाँ (संलग्नक 'A' भी देखें)

C++ के साथ भाषा विकल्प के रूप में		Python के साथ भाषा विकल्प के रूप में	
इकाई I	कम्प्यूटर के मूल सिद्धान्त	इकाई I	कम्प्यूटर के मूल सिद्धान्त
इकाई II	C++ का परिचय	इकाई II	प्रोग्रामिंग पद्धति
इकाई III	प्रोग्रामिंग पद्धति	इकाई III	Python का परिचय
इकाई IV	C++ में प्रोग्रामिंग	इकाई IV	Python में प्रोग्रामिंग

★ इकाई I, इकाई III की विषयवस्तु (C++ के संदर्भ में) तथा इकाई II (Python के संदर्भ में) की विषयवस्तु, दोनों विकल्पों में समान हैं।

यह बदलाव, सत्र 2013–14 में कक्षा XII के वर्तमान बैच के लिए लागू नहीं होता है। (संलग्नक 'B' भी देखें) वे 2014 के पाठ्यक्रम दस्तावेज़ का अनुसरण करेंगे।

सत्र 2014–15 से कक्षा XII का विद्यार्थी, कक्षा 11 में चयन की गई भाषा के आधार पर ही परीक्षा में लिखेंगे। यदि उन्होंने कक्षा XI में C++ का चुनाव किया है तब वे कक्षा XII में अध्ययन के लिए ठीक उसे ही जारी रखेंगे। लेकिन यदि विद्यालय ने कक्षा XI में Python का चयन किया है तब छात्र कक्षा XII में Python के अध्ययन को जारी रखेंगे।

कम्प्यूटर विज्ञान (विषय कोड 083) सत्र 2014–15 में कक्षा XII के लिए

प्रत्येक विकल्प के तहत समाविष्ट की गई इकाईयाँ (संलग्न 'C' भी देखें)

C++ के साथ भाषा विकल्प के रूप में		**Python के साथ भाषा विकल्प के रूप में**	
इकाई I	C++ में वस्तु केंद्रित प्रोंग्रामिंग	इकाई I	Python के साथ प्रोग्रामिंग
इकाई II	डेटा संरचनाएँ	इकाई II	Python के साथ वस्तु केंद्रित प्रोग्रामिंग
इकाई III	डेटाबेस प्रबंधन प्रणाली एवं SQL	इकाई III	डेटाबेस एवं SQL
इकाई IV	बूलियन बीजगणित	इकाई IV	बूलियन बीजगणित
इकाई V	नेटवर्किंग एवं ओपन सोर्स सौफ्टवेयर	इकाई V	संचार प्रौद्योगिकियाँ

- ★ दोनों विकल्पों में इकाई III, IV एवं इकाई V की विषयवस्तु से मुख्य रूप समान है।
- ★ दोनों भाषा विकल्पों के मामले में नमूना प्रश्न पत्र अक्टूबर 2013 से उपलब्ध होगा।
- ★ Python से संबंधित अध्ययन सामग्री, CBSE के वेबसाइट www.cbseacademic.in पर, प्रशिक्षण, नवाचार एवं अनुसंधान शीर्षक के अन्तर्गत आने वाले शिक्षक–संसाधनों के तहत उपलब्ध होंगे। यह अध्ययन सामग्री छात्र एवं शिक्षक दोनों के ही द्वारा संदर्भ की जा सकता है। के॰मा॰शि॰बो॰ इस सामग्री को वर्तमान शैक्षणिक वर्ष में मुद्रित नहीं करेगा। यह भी ध्यान दें कि सभी विद्यालयों को इस अध्ययन सामग्री का सख्ती से पालन करना होगा तथा शिक्षकों को इसके अनुसार ही पढ़ाना चाहिए।

आगे आपको यह सूचित करना है कि बोर्ड एक सर्वेक्षण का आयोजन कर रहा है और कंम्प्यूटर–विज्ञान विषय को पढ़ाने वाले शिक्षकों से उनकी प्रतिक्रिया एकत्रित करना चाहता है। कंम्प्यूटर–विज्ञान पढ़ाने वाले सभी शिक्षकों से अनुरोघ किया जाता है कि वे प्रतिक्रिया देने के लिए वेबसाइट www.cbseacademic.in पर उपलब्ध प्रतिक्रिया प्रपत्र का ऑनलाइन उपयोग करके अपनी प्रतिक्रिया दे सकते है। कृपया इसके लिए होम पेज़ को देखें।

बोर्ड के साथ सहयोग करने तथा सभी संबंधित पक्षों तक इस जानकारी का प्रसार करने के लिए, एक बार फिर से अनुरोध है।

भवदीया

डॉ॰ साधना पाराषर
प्रोफेसर एवं निदेषक (षैक्षणिक, अनुसंधान, प्रषिक्षण एवं नवाचार)

निवेदन के साथ, सभी निदेषालयों /KVS/NVS/CTSA के संबंधित प्रमुखों को, जैसा कि नीचे दर्षाया गया है, उनके अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी विद्यालयों में इस सूचना का प्रसार करने हेतु प्रतिलिपिः–

1. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18–इन्स्टिट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली – 110016.
2. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, ए-28, कैलाश कॉलोनी, नई दिल्ली.
3. शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, नई दिल्ली. –110054
4. निदेशक, सार्वजनिक निर्देश (विद्यालय), केन्द्र शासित प्रदेश सचिवालय, सेक्टर–9, चंडीगढ़–160017.
5. शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम–737101
6. निदेशक, विद्यालयी शिक्षा, अरूणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर–791111.
7. शिक्षा निदेशक, अंडमान एंड निकोबार द्वीप समूह सरकार, पोर्ट ब्लेयर–744101.
8. राज्य शिक्षा संस्थान, के॰मा॰शि॰बो॰ कक्ष वी॰आई॰पी॰ मार्ग, जंगली घाट, पी॰ओ॰–744103, अंडमान एंड निकोबार द्वीप समूह।
9. केन्द्रीय तिब्बती विद्यालय प्रशासन, एस॰एस॰ प्लाज़ा, सामुदायिक केन्द्र, सेक्टर–3, रोहिणी, दिल्ली–110085.
10. शिक्षा अधिकारी/सह–शिक्षा अधिकारी, शैक्षणिक विभाग, के॰मा॰शि॰बो॰
11. अनुसंधान अधिकारी (तकनीकी) को इस परिपत्र को के॰मा॰शि॰बो॰ की वेबसाइट पर डालने के अनुरोध के साथ।
12. पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी, के॰मा॰शि॰बो॰
13. अध्यक्ष, के॰मा॰शि॰बो॰ के कार्यकारी सचिव
14. सचिव, के॰मा॰शि॰बो॰ के डेस्क अधिकारी/निजी सहायक
15. परीक्षा नियंत्रक, के॰मा॰शि॰बो॰ के निजी सहायक
16. निदेशक (शैक्षणिक) के॰मा॰शि॰बो॰ के निजी सहायक
17. संयुक्त सचिव, (संयुक्त प्रवेश परीक्षा), के निजी सहायक
18. विभाग अध्यक्ष, (एडुसैट) के निजी सहायक
19. जन संपर्क अधिकारी के॰मा॰शि॰बो॰, के निजी सहायक
20. के॰मा॰शि॰बो॰ के सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को इस अनुरोध के साथ कि इस परिपत्र को अपने–अपने क्षेत्र के सभी संबद्ध विद्यालयों के प्रमुखों को भिजवा दें।

प्रोफेसर एवं निदेषक (षैक्षणिक, अनुसंधान, प्रषिक्षण एवं नवाचार)